दिन– रविवार दिनांक– 11/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह को प्रधानमंत्री ने आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव का पल बताया।

02. राज्य में बेहतर पुलिसिंग के लिए पटना में कल से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जनवरी से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे।

04. और, प्रदेशभर में ठंड का दौर जारी। चार डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल ऐतिहासिक गौरव का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सोमनाथ मंदिर यात्रा से परिचित कराने का अवसर भी है। श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व अटूट आस्था और समर्पण का पर्व है।

–––बाइट–––

वो ताकतें मौजूद हैं, पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुर्ननिर्माण का विरोध किया, और इसलिए हमें ज्यादा सावधान रहना है। हमें, खुद को शक्तिशाली बनाना है, एकजुट रहना है। ऐसी हर ताकत को हराना है जो हमें बांटने की साजिश रच रही है।

प्रधानमंत्री ने आज गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की भव्य शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ की रक्षा करने वाले अनगिनत योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी।

–––बाइट–––

एक हजार साल बाद भी सोमनाथ महादेव के मंदिर पर फहरा रही ध्वजा पूरी सृष्टि का आह्वान कर रही है। प्रभास पाटन तीर्थ की मिट्टी का कण–कण, शौर्य, पराक्रम और वीरता का साक्षी है। सोमनाथ के इस स्वरूप के लिए कितने ही शिव भक्तों ने, संस्कृति के उपासकों ने, संस्कृति के ध्वज धारकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

श्री मोदी ने कहा कि यह पर्व केवल ऐतिहासिक वैभव का प्रतीक नहीं, बल्कि यह सोमनाथ मंदिर की अनंत यात्रा को भावी पीढियों तक पहुंचाने का अवसर भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सभ्यता हमें दूसरों को परास्त करना नहीं, बल्कि संतुलित जीवन जीना सिखाती है।

———बाइट———

आक्रमण के इतिहास को भी कुछ इतिहासकारों और राजनेताओं द्वारा वाईटवॉश करने की कोशिश की गई। मजहबी उन्माद की मानसिकता को केवल साधारण लूट बताकर किताबे लिखी गई। सोमनाथ मंदिर एक बार नही, बार—बार तोडा गया है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारे लिए गौरव का दिन है और पूरे देश में लोग मंदिर, शिवालयों में दीप जला रहे हैं।

———बाइट———

---

राज्य में बेहतर पुलिसिंग के लिए राजधानी पटना में कल से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में राज्य के पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। यह आयोजन पटना के सरदार पटेल भवन स्थित पुलिस मुख्यालय में होगा। इस सम्मेलन की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। सम्मेलन में एसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष से लेकर दारोगा रैंक तक के पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। इस सम्मेलन में विधि—व्यवस्था से लेकर पुलिस के विभिन्न कार्यकलापों और योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जनवरी से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य के सभी जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों के प्रधान सचिव और सभी जिलों के जिला पदाधिकारी को पत्र लिखा है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, रोजागार और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का जायजा लेंगे। समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री सात निश्चय से संबंधित योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने के साथ जनता से संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री की यह यात्रा राज्य के विकास कार्यों को रफ्तार देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

---

पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और उनके परिवार के खिलाफ बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब मामले में कोर्ट के जरिए आरोप तय किए जाने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि लालू परिवार के अपराध की सूची काफी लंबी है। श्री सरावगी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उनके खिलाफ कानून अपना काम कर रहा है।

---बाईट---

---

राजद नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि विधानसभ चुनाव में एनडीए की जीत लोकतंत्र की हार और मशीन की जीत है। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि आज जनतंत्र को धन–तंत्र और मशीन–तंत्र में बदल दिया गया है।

---बाईट----

इधर, तेजस्वी यादव के आरोप पर पलटवार करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि अपनी नाकामियों के कारण हुई हार को लोकतंत्र की हार बताना जनादेश का अपमान है।

---बाईट---

---

राज्य सरकार सड़क सुधार के लिए नई योजना ला रही है। पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि इस योजना के तहत न सिर्फ सड़कों से गड्ढे हटाए जाएंगे, बल्कि आम लोगों को भी निगरानी में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि

15 फरवरी के बाद यह योजना शुरू की जाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि नई योजना के तहत शिकायत सही पाई जाने पर लोगों को नकद इनाम भी दिया जाएगा।

———बाईट———

---

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सर्द पछुआ हवा के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर के सबौर में सबसे कम न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम दृश्यता तीस मीटर भागलपुर में रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। विभाग ने सोलह जनवरी तक राज्य के उत्तर और दक्षिण—पश्चिम भाग के कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

———बाइट———

---

ठंड को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने तेरह जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में पांचवीं तक की कक्षाओं को बंद रखने का आदेश दिया है। छठी और उससे ऊपर की कक्षाओं में सुबह साढ़े दस बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच पठन—पाठन होगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के ऐतिहासिक धरोहर गोलघर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं इसके रखरखाव को बेहतर ढंग से कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। निरीक्षण के दौरान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और जिलाधिकारी त्यागराजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि एनडीए ने विधानसभा चुनाव से पहले जितने वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का काम शुरू कर दिया गया है। पटना में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

–––बाईट–––

---

पटना महानगर कांग्रेस कमिटी की ओर से आज पटना में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत उपवास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण यह ऐतिहासिक योजना कमजोर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने के साथ इसकी मूल आत्मा को बदलने का प्रयास संविधान की भावना के खिलाफ है।

---

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर कटिहार रेल मंडल को बत्तीस मेडल से सम्मानित किया है। कटिहार रेल मंडल के डीआरएम कीरेन्द्र नाराह ने बताया कि कटिहार रेल मंडल ने खेल समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में पहला स्थान प्राप्त किया है।

–––बाइट–––

---

बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर–मोकामा फोरलेन पर शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घने कोहरे के कारण कई गाड़ियों के  आपस में टकराने से यह दुर्घटना हुई। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए अपनी संवेदना प्रकट की है।

---

नवादा जिले के सीतामढ़ी थाने के शाहबाजपुर सराय गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 लाख रुपए मूल्य की गांजे की फसल को नष्ट कर दिया है। इस दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

---

पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औरंगाबाद में आज पुलिस पब्लिक क्रिकेट लीग का फाइनल मैच खेला गया। इस मैच में नगर थाना की टीम ने ओबरा प्रखंड को तैंतालीस रनों से हराकर ट्रॉफी जीत ली।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर शीत लहर को देखते हुए कमलदाहा में सक्षम बुनियाद केन्द्र के जिला प्रबंधक की ओर से बियालीस दिव्यांगजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

---

रोहतास पुलिस ने काराकाट थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री पर छापेमारी कर हथियार के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

01. सोमनाथ स्वाभिमान पर्व समारोह को प्रधानमंत्री ने आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव का पल बताया।

02. राज्य में बेहतर पुलिसिंग के लिए पटना में कल से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोलह जनवरी से राज्यव्यापी समृद्धि यात्रा पर निकलेंगे।

04. और, प्रदेशभर में ठंड का दौर जारी। चार डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

समाप्त